डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ

सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ – 226031

पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन / 2021 / 14093 दिनांक 22 नवम्बर 2021

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एम0टेक0 / एम0फार्म0 / एम0आर्क0
पाठ्यक्रम संचालित करने वाले समस्त निजी क्षेत्र में स्थापित प्राविधिक संस्थान।

विषयः सत्र 2021–22 में एम0टेक0 / एम0फार्म0 / एम0आर्क0 पाठ्यक्रम में 'डायरेक्ट एडमिशन' अनुमति के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सम्बन्धित हितधारकों को अवगत कराना है कि **'डायरेक्ट एडमिशन'** हेतु एम0टेक0, एम0आर्क0 एवं एम0फार्म0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम अर्हता वही होगी जो सम्बंधित नियामक संगठन (ए0आई0सी0टी0ई0 / पी0सी0आई0 / सी0ओ0ए0) द्वारा प्रावधानित है। प्री–रजिस्ट्रेशन दिनॉक 22–11–2021 से दिनॉक 30–11–2021 तक करना सुनिश्चित करें।

पंजीकरण प्रक्रिया के इच्छुक अभ्यार्थी को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध ई0आर0पी0 माड्यूल के अन्तर्गत उपलब्ध पंजीकरण व्यवस्था के माध्यम से आवेदन कराना होगा, जिसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पंजीकरण शुल्क निम्नानुसार ऑनलाइन भुगतान करना अनिवार्य होगा।

1.गेट(GATE)/जीपेट(GPAT)/यू0पी0सी0ई0टी0–2021 में सम्मिलित एवं क्रमांक धारक विद्यार्थीः–

उत्तर प्रदेश के सामान्य एवं ओ0बी0सी0 श्रेणी तथा उत्तर प्रदेश से इतर प्रदेशों के समस्त श्रेणी के विद्यार्थी	रू0 1000 / –
उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थी एवं समस्त वर्ग की महिला विद्यार्थी	रू0 500 / –

2.प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी गेट(GATE)/जीपेट(GPAT)/यू0पी0सी0ई0टी0–2021 की परीक्षा नहीं दी परन्तु प्रवेश के इच्छुक है एवं प्रवेश हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता धारित करते है।

उत्तर प्रदेश के सामान्य एवं ओ0बी0सी0 के समस्त श्रेणी के पुरूष विद्यार्थी तथा उत्तर प्रदेश से इतर प्रदेशों के समस्त श्रेणी के विद्यार्थी	रू0 2300 / –
उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति, जनजाति के छात्र एवं समस्त वर्ग की महिला विद्यार्थी	रू0 1150 / –

एम0टेक0 / एम0आर्क0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रथम वरीयता उन अभ्यार्थियों को अनुमन्य की जाएगी जिन्होंने सम्बन्धित विधा में GATE की परीक्षा उत्तीर्ण की है, जबकि एम0फार्म0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रथम वरीयता उन अभ्यार्थियों को दी जायेगी, जिन्होंने विधा GPAT की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

अतः उक्त से अवगत होते हुए उपरोक्त सम्बन्धित समस्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(नन्द लाल सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः

1. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. उप कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी,ई0आर0पी0,ए0के0टी0यू0, लखनऊ, इस आशय से प्रेषित से आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
5. स्टाफ ऑफिसर, मा0 कुलपति महोदय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

/

(नन्द लाल सिंह)
कुलसचिव